बरेली | बुधवार | 11 जून 2014

अमर उजाला

विद्यार्थियों ने जाने मृदा संरक्षण के तरीके

बरेली। श्री राममूर्ति स्मारक कालेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नालॉजी में चल रहे इन्सपायर इंटर्नशिप-2014 के चौथे दिन मृदा संरक्षण और मोबाइल के उपयोग से होने वाले नुकसानों से बचने के तरीके बताए गए। इस दौरान प्रो. दिनेश कुमार सक्सेना ने कहा कि पृथ्वी पर सूक्ष्म उपजाऊ क्षेत्र है, इसका समुचित प्रयोग किया जाना चाहिए। उन्होंने मृदा संरक्षण के उपाय भी बताए। इसके बाद प्रो. जगन्नाथ साहू ने व्यायाम, खानपान और कम्प्यूटर पर काम करने के तौर तरीके भी समझाए। उन्होंने मोबाइल से शारीरिक पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव के बारे में भी बताया। इस आयोजन में ट्रस्ट प्रशासक सुभाष मेहरा, प्रो. प्रभाकर गुप्ता, डॉ. एन मुस्तकीम, रतीश अग्रवाल ने सहयोग दिया।